अति हरि कृपा जाहि पर होई । पाउँ देइ एहिं मारग सोई ॥
मिलेहु गरुड़ मारग महँ मोही । कवन भाँति समुझावौं तोही ॥
|| Ram Katha 959 - ※मानस हरि भजन || Little Rock, Arkansas, USA || मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 10 अंक : 349 | इंदौर, शुक्रवार 04 जुलाई, 2025 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## 'एगो अनमोल सांस्कृतिक जुड़ाव..'

### कैरेबियाई धरती पर ढोल-मंजीरा और भोजपुरी चौताल देख गदगद हुए पीएम मोदी



**पोर्ट ऑफ स्पेन, एजेंसी** प्रधानमंत्री मोदी अपने पांच देशों के दौरे के दूसरे चरण में आज त्रिनिदाद और टोबैगो पहुंचे। पोर्ट ऑफ स्पेन पहुंचने पर पीएम मोदी का झाल-तासे और ढोल मंझीरे के साथ देशी अंदाज में भोजपुरी चौताल गाकर भव्य स्वागत किया गया। पीएम मोदी इस तरह देशी अंदाज में अपना स्वागत देखकर वशीभूत हो गए। पीएम मोदी ने इसे दोनों देशों के बीच का सांस्कृतिक जुड़ाव करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह दुनिया में कहीं और नहीं है।

त्रिनिदाद और टोबैगो में भोजपुरी चौताल के पारंपरिक प्रदर्शन के साथ स्वागत से पीएम मोदी मंत्रमुग्ध रह गए। इस तरह के स्वागत को उन्होंने अतुलनीय बताया। पीएम मोदी ने अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर भोजपुरी में पोस्ट कर अपने भाव साझा किए हैं। पीएम मोदी ने लिखा ,'एक ऐसा सांस्कृतिक जुड़ाव जो अन्यत्र नहीं है! पोर्ट ऑफ स्पेन में भोजपुरी चौताल प्रदर्शन देखकर बहुत खुशी हुई। त्रिनिदाद और टोबैगो और भारत, विशेष रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार के कुछ हिस्सों के बीच का जुड़ाव उल्लेखनीय है।' अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी ने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारतीय समुदाय के लोगों से भी मुलाकात की और देश के विकास में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रवासी समुदाय ने न केवल विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल की है, बल्कि वे भारतीय संस्कृति से भी गहराई से जुड़े हुए हैं। इस दौरान प्रधानमंत्री ने शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो के साथ अपनी मुलाकात के बारे में भी बताया, जिन्होंने त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए क्विज जीता था। इस बारे में उन्होंने कहा कि त्रिनिदाद और टोबैगो में भारत को जानिए (भारत को जानो) क्विज के विजेता युवाओं शंकर रामजतन, निकोलस मराज और विंस महतो से मुलाकात की।

# प्रदेश के 94 हजार से अधिक विद्यार्थियों को आज मिलेगी लैपटॉप की राशि

### सीएम मोहन यादव करेंगे राशि अंतरण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों के लिए आज का दिन खास है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शुक्रवार को प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत 12वीं बोर्ड परीक्षा में 75% या उससे अधिक अंक लाने वाले छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25-25 हजार रुपये की राशि उनके बैंक खातों में अंतरित करेंगे।



यह राज्यस्तरीय कार्यक्रम भोपाल स्थित कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा, जिसमें प्रदेशभर के 500 से अधिक छात्र-शिक्षक भाग लेंगे। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर भी किया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और मंत्रिगण विद्यार्थियों की उपलब्धियों की सराहना करेंगे। इस वर्ष 94,234 विद्यार्थियों को 235 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। इससे पहले वर्ष 2023-24 में 89,710 छात्रों को 224 करोड़ रुपये से अधिक की राशि दी गई थी।

बता दें योजना की शुरुआत वर्ष 2009-10 में हुई थी। अब तक 4 लाख 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों को लाभ मिल चुका है। कुल 1,080 करोड़ रुपये से अधिक की राशि अब तक विद्यार्थियों के खातों में भेजी जा चुकी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह योजना युवा प्रतिभाओं को डिजिटल युग में आगे बढ़ाने का सशक्त माध्यम है और सरकार छात्रों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भोपाल और खजुराहो हवाई अड्डे भारत के टॉप 3 एयरपोर्ट में, बनाया परफेक्ट 5/5 स्कोर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मध्य प्रदेश के राजा भोज और खजुराहो हवाई अड्डों ने जनवरी से जून 2025 के बीच ग्राहक संतुष्टि सर्वेक्षण में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया है। इनके साथ राजस्थान का महाराणा प्रताप हवाई अड्डा उदयपुर भी पहले स्थान पर रहा। तीनों को 5 में से 5 अंक मिले हैं। भोपाल हवाई अड्डे ने यह मुकाम दूसरी बार पाया है।**

राजा भोज और खजुराहो हवाई अड्डों ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। दोनों को ग्राहक संतुष्टि के मामले में देश में पहला स्थान मिला है। यह सर्वेक्षण जनवरी से जून 2025 के बीच किया गया था। भोपाल हवाई अड्डे के लिए यह गर्व का क्षण है। उसने दूसरी बार यह स्थान हासिल किया है। इससे पहले 2023 में भी भोपाल हवाई अड्डे को पहला स्थान मिला था।

### 60 हवाई अड्डों को किया गया था शामिल

इस सर्वेक्षण में कुल 62 हवाई अड्डों में से 60 को शामिल किया गया था। जैसलमेर और तेजपुर हवाई अड्डों को शामिल नहीं किया गया। क्योंकि वहां नियमित उड़ानें नहीं थीं। सर्वेक्षण में ग्राहक संतुष्टि को 5 में से अंक दिए गए। इस दौरान औसत स्कोर 4.59 रहा। भोपाल हवाई अड्डे के निदेशक रामजी अवस्थी ने कहा कि हमने यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाने के लिए कई नए कदम उठाए हैं।



### जबलपुर और ग्वालियर एयरपोर्ट को मिला ये स्थान

भोपाल एयरपोर्ट के टर्मिनल भवन में अब बैठने की बेहतर व्यवस्था, चार्जिंग स्टेशन और परिसर में बेहतर वाई-फाई कनेक्टिविटी की सुविधा है। सर्वेक्षण में जबलपुर एयरपोर्ट को 10वें और ग्वालियर एयरपोर्ट को 11वें स्थान पर रखा गया है। एयरपोर्ट ने स्थानीय हस्तशिल्प की दुकानों और मध्य प्रदेश के पारंपरिक उत्पादों की दुकानों के साथ अपनी खुदरा पेशकश का भी विस्तार किया है। फूड कोर्ट में अब अंतरराष्ट्रीय व्यंजन और क्षेत्रीय विशिष्टताएँ दोनों शामिल हैं, जो यात्रियों की विविध प्राथमिकताओं को पूरा करते हैं।

# इंदौर के 5 हजार 312 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु मिलेगी 13 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर जिले के 5 हजार 312 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु 13 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि उनके बैंक खातों में आयेगी। मुख्य कार्यक्रम जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट के मुख्य आतिथ्य में सांवेर में होगा। सांवेर विधानसभा क्षेत्र के 431 बच्चे लाभान्वित होंगे। इनके खाते में एक करोड़ 7 लाख 75 हजार रुपए की राशि आयेगी।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य निर्धारित किया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में हमारी सरकार ने भी प्रदेश को विकसित मध्यप्रदेश 2047 बनाने का संकल्प लिया है, इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं स्कूली शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह की उपस्थिति में प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना अन्तर्गत विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु राशि का प्रदाय का कार्यक्रम 4 जुलाई को दोपहर 11 बजे कुशाभाउ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर मिन्टो हॉल भोपाल में आयोजित किया जा रहा है, जिसमें योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 की कक्षा 12वीं की परीक्षा में 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले 94 हजार 234 विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय हेतु प्रति विद्यार्थी 25 हजार उनके बैंक खाते में 2 दो अरब 35 करोड़ 58 लाख 50 हजार रुपए सिंगल क्लिक से जमा की जायेगी।

इन्दौर जिले में 5 हजार 312 विद्यार्थियों को 13 करोड़ 28 लाख रुपए की राशि का भुगतान होगा। मंत्री तुलसीराम सिलावट



ने बताया कि सांवेर विधानसभा में 431 विद्यार्थियों के खाते में एक करोड़ 7 लाख 75 हजार की राशि डाली जायेगी। सांवेर में उक्त कार्यक्रम जनपद पंचायत सांवेर के सभागृह में किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का डिजिटल इण्डिया का यह संकल्प युवा शक्ति पूरा करेगी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को युवा शक्ति की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। प्रदेश में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अन्तर्गत यह योजना नींव का पत्थर साबित हो रही है। इस योजना का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान और डिजिटल शिक्षा से जोड़ना और उन्हें तकनीकी रूप से सशक्त बनाना है। आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को इस लैपटॉप से उच्च शिक्षा अध्ययन की विभिन्न शैलियों में सहायता प्राप्त होगी और डिजिटल इण्डिया अभियान को गति मिलेगी। मध्यप्रदेश सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल साक्षरता को बढ़ाना देने के लिए लैपटॉप योजना की शुरूआत की है। इस योजना के तहत 12वीं में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंक अर्जित करने वाले छात्रों को लैपटॉप खरीदने के लिए 25 हजार की सहायता राशि प्रदान की जायेगी। प्रदेश में यह योजना वर्ष 2009-10 से संचालित हो रही है, पिछले 15 वर्षों में इस योजना में 4 लाख 32 हजार से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में एक हजार 80 करोड़ 4 लाख से अधिक की राशि प्रोत्साहन स्वरूप लैपटॉप क्रय के लिए उनके खातों में डाली जा चुकी है। इस योजना के सफल क्रियान्वयन और विज्ञान और टेक्नोलॉजी के युग में विद्यार्थियों को डिजिटल से जोड़ने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और स्कूली शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह का आभार व्यक्त किया। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि सांवेर विधानसभा के ग्राम चित्तौडा की कुमारी दैव्यानी पिता राकेश चौहान को सर्वाधिक 93 प्रतिशत अंक प्राप्त करने पर उसके माता-पिता और गुरूजनों को सम्मान किया जायेगा।

## 21 वाहनों से वसूला 48 हजार रुपए जुर्माना, तीन वाहन किए जब्त




@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय इंदौर द्वारा लोक परिवहन वाहनों, बसों, स्कूल वाहनों सहित अन्य वाहनों की लगातार चेकिंग की जा रही है। बसों में ओवरलोडिंग, अधिक किराया की भी जांच की जा रही है। लोगों को अपने वाहनों पर एचएसआरपी नम्बर प्लेट लगवाने के लिए प्रेरित भी किया जा रहा है।

वाहन की गति, स्पीड गवर्नर सहित दस्तावेज की चेकिंग की जा रही है। दस्तावेज नहीं होने, क्षमता से अधिक सवारी पाए जाने, परमिट शर्तों का उल्लंघन करने वाली बसों के साथ ही विशेष रूप से स्कूल, कॉलेज के वाहनों की सघन जांच की जा रही है। इंदौर-नेमावर, इंदौर-खण्डवा, बुरहानपुर रूट की बसों की चेकिंग की गई। स्कूल बसों, यात्री बसों में विभिन्न कमियां पाए जाने पर 21 से अधिक वाहनों पर जुर्माना लगाया गया। इस दौरान 3 स्कूली वाहन बिना दस्तावेज के संचालित होते पाए गए । बच्चों को सुरक्षित छोड़ने के बाद इन्हें जब्त किया गया। इस दौरान वाहनों से 48 हजार रुपए से अधिक का जुर्माना वसूला गया।

# अयोग्य डॉक्टरों को मरीजों का इलाज करने की अनुमति नहीं दी जा सकती

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। इंदौर मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने 'स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई, इंदौर' में कई महत्वपूर्ण पदों पर की गई नियुक्तियों को चुनौती देने वाली जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा है- "अगर डॉक्टर वास्तव में अयोग्य हैं, तो उन्हें मरीजों का इलाज करने की अनुमति नहीं दी जा सकती।" कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि यह विषय केवल व्यक्तिगत शिकायत का नहीं, बल्कि जनस्वास्थ्य और मरीजों की सुरक्षा से जुड़ा मामला है।

कोर्ट ने राज्य सरकार को चार सप्ताह में जवाब पेश करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी कहा कि याचिकाकर्ता को जनहित याचिका दायर करने का पूरा अधिकार है, क्योंकि यह केवल भर्ती प्रक्रिया नहीं बल्कि आम जनता की सुरक्षा से जुड़ा मुद्दा है। यह जनहित याचिका कमल



गोस्वामी ने एडवोकेट अभिनव धनोतकर के माध्यम से दायर की है। याचिका में आरोप लगाया गया है कि 'स्कूल ऑफ एक्सीलेंस फॉर आई' में डायरेक्टर, एसोसिएट प्रोफेसर, सुपरिटेंडेंट और सहायक प्राध्यापक जैसे उच्च पदों पर नियुक्तियों में अनियमितता और योग्यता में समझौता किया गया। गोस्वामी ने सूचना के अधिकार (RTI) के तहत प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर दावा किया है कि वर्ष 2019 में डायरेक्टर पद के लिए 20 वर्ष का न्यूनतम अनुभव अनिवार्य था, लेकिन चयनित उम्मीदवार डॉ. प्रतीप व्यास के पास केवल 17 वर्षों का अनुभव था। नियमों के अनुसार चयन के छह माह के भीतर कार्यभार ग्रहण करना जरूरी था, लेकिन डॉ. व्यास ने तय समय में कार्यभार नहीं संभाला और अब तक कोई वैकल्पिक नियुक्ति भी नहीं की गई। याचिका में सहायक प्राध्यापकों की नियुक्ति प्रक्रिया पर भी सवाल उठाए गए हैं। शिकायतकर्ता के अनुसार, जिन पदों के लिए एमएस डिग्री अनिवार्य थी, उनमें डॉ. मीता जोशी को नियुक्त किया गया, जबकि उनके पास केवल डीएनबी की डिग्री है। वहीं, जिन पदों के लिए 2–4 शोधपत्र और चार वर्षों का शिक्षण अनुभव जरूरी था, वहां डॉ. टीना अग्रवाल को नियुक्त किया गया, जिन्होंने अपने आवेदन में कोई शोधपत्र प्रस्तुत नहीं किया। याचिका में यह भी कहा गया है कि सुपरिटेंडेंट की नियुक्ति में भी पक्षपात हुआ है, और पूर्व डीन के कार्यकाल में हुई इन नियुक्तियों पर वर्तमान डीन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई है, जबकि शिकायतें पूर्व में दर्ज की जा चुकी हैं।

# आबकारी विभाग ने 12 लाख से अधिक की शराब की बोटलों को फोड़ा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। आबकारी आयुक्त मध्यप्रदेश एवं कलेक्टर आशीष सिंह के आदेश पर तथा सहायक आयुक्त आबकारी अभिषेक तिवारी और अनुविभागीय अधिकारी अभिजीत श्रीवास्तव के निर्देशन में आबकारी विभाग इन्दौर ने माउण्ट ब्रेवरी लिमिटेड सिमरोल में मानव उपयोग के लिए अनुपयुक्त एवं न्यायालयीन प्रकरणों में जब्त 317 पेटी मदिरा का नष्टीकरण किया। नष्टीकरण की गई मदिरा की कुल मात्रा 2853 बल्क लीटर थी, जिसका बाजार मूल्य लगभग 12 लाख 82 हजार रूपये है। मदिरा की बोतलों पर रोड रोलर चलाकर बोतलों को फोड़कर नष्टीकरण किया



गया। नष्टीकरण समिति में अनुविभागीय अधिकारी अभिजीत श्रीवास्तव, सहायक आबकारी आयुक्त अभिषेक त्रिपाठी, सहा. जिला आबकारी अधिकारी अनिल माथुर और आबकारी उपनिरीक्षक सुनील मालवीय शामिल थे।

# शारीरिक बाधाओं के बावजूद सरकारी सेवा प्राप्त की

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर**। अगर कोई व्यक्ति देख नहीं सकता, सुनने में अक्षम है और बोल भी नहीं पाता, तो वह अपनी बात कैसे रखेगा? साधारण साइन लैंग्वेज भी उसके काम नहीं आ सकती, क्योंकि कोई इशारा करेगा भी तो वह देखेगा कैसे? बाहरी दुनिया से संवाद के सभी सेतु टूट चुके होते हैं। ऐसे में वह क्या कर पाएगा? लेकिन इसके बावजूद इंदौर की बेटी ने यह कर दिखाया। गुरदीप कौर वासु देश की पहली बेटी बन गई हैं, जिसने इतनी शारीरिक बाधाओं के बावजूद सरकारी सेवा प्राप्त की है। अन्नपूर्णा क्षेत्र में रहने वाली 34 साल की गुरदीप अब इंदौर की 'हेलन केलर' के नाम से जानी जाने लगी हैं। उन्हें बहु-विकलांगता की श्रेणी में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के रूप में इंदौर के वाणिज्यिक कर विभाग में नियुक्त किया गया है। विभाग की अतिरिक्त आयुक्त सपना सोलंकी बताती हैं कि गुरदीप नियमित रूप से कार्यालय आती हैं और अपने कार्य को पूरी निष्ठा से करती हैं। गुरदीप टैक्टाइल साइन लैंग्वेज के माध्यम से संवाद करती हैं। वे सामने वाले के हाथों और उंगलियों को छूकर अपनी बात समझती और समझाती हैं। उनके माता-पिता प्रीतपाल सिंह वासु और मनजीत कौर बताते हैं कि गुरदीप का जन्म समय से पूर्व हुआ था। दो माह तक अस्पताल में रखना पड़ा। जब वह पांच माह की हो गई, तब भी किसी प्रतिक्रिया का संकेत नहीं दे रही थी। तब उन्हें समझ आया कि गुरदीप न केवल देख और सुन नहीं सकती, बल्कि बोल भी नहीं पाती। अब उसी गुरदीप ने कल्पना से बढ़कर सफलता हासिल की है।

# 25 हजार तक यात्रियों ने एक दिन में किया था सफर, अब 500 भी नहीं आ रहे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर मेट्रो के 5.9 किमी के प्रायोरिटी कॉरिडोर पर कमर्शियल रन को एक महीना हो गया है। इस अवधि में यात्रियों की संख्या में भी गिरावट आने लगी है।**

इंदौर मेट्रो के शुरुआती दिन में जहां प्रतिदिन यात्रियों की संख्या 25 हजार से अधिक पहुंची थी। अब रोजाना 500 से भी कम लोग सफर करने पहुंच रहे हैं। हालांकि, वीकेंड पर शनिवार और रविवार को ही यात्री संख्या 1 हजार से



ज्यादा पहुंच पाती है। सप्ताह की बात करें तो शुरुआत में 1 लाख से ज्यादा यात्रियों ने सफर किया था। वहीं, यह हर सप्ताह का आंकड़ा बमुश्किल 10 हजार को पार कर पा रहा है। घटते यात्रियों के चलते मध्य प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने इंदौर मेट्रो की संचालन व्यवस्था में भी बदलाव किया है। यात्रियों की संख्या और उनकी सुविधा को ध्यान में रखते हुए पिछले दिनों मेट्रो की नई समय-सारणी और किराए की नई दरें घोषित की गई थीं। यह बदलाव 23 जून 2025 से प्रभाव में आ गया था। अब इंदौर मेट्रो का संचालन सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक किया जा रहा है। वहीं, हर 1 घंटे में मेट्रो चलाई जाती है। पहले सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक मेट्रो संचालन किया जा रहा था, जबकि हर 15 मिनट में मेट्रो ट्रेन संचालित हो रही थी। इंदौर मेट्रो का औपचारिक शुभारंभ 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली रूप से किया था। 31 मई के बाद से 21 जून तक इंदौर मेट्रो में कुल 1 लाख 95 हजार 303 यात्रियों ने इसमें सफर किया।

## अमरनाथ यात्रा शुरू, यात्रियों को यात्रा के दौरान मिलेंगे इंदौरी पोहे, दाल बाटी



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले भक्तों को भोजन के लिए परेशान नहीं होना पड़ेगा। उन्हें यात्रा के दौरान मालवी व्यंजनों का स्वाद मिल सकेगा। भक्तों की सेवा के लिए इंदौर के संगठनों द्वारा लगाए जाने वाले लंगर में दाल बाटी चूरमा, इंदौरी पोहे, जलेबी, कचोरी सहित अन्य व्यंजन मिलेंगे। भोजन तैयार करने के लिए हलवाइयों की टीम भी इंदौर से ही पहुंची है। बालटाल रूट पर लंगर लगाया जा चुका है।**

अमरनाथ यात्रा पर जाने वाले यात्रियों के रवाना होने का सिलसिला तीन दिन पहले ही शुरू हो गया है। दिल्ली और जम्मू तक जाने वाली ट्रेनों में काफी भीड़ है। जिन यात्रियों को 3 जुलाई के बाद की तिथि यात्रा शुरू करने के लिए मिली है। वे अब जाने की तैयारी कर रहे है। इंदौर के मनकामेश्वर कांटाफोड़ मंदिर ट्रस्ट अमरनाथ यात्रियों के लिए पंजाब के एक संगठन की मदद से लंगर शुरू कर चुका है। बालटाल में लंगर के लिए बड़ा शेड तैयार हो चुका है। यहां मालवी व्यंजनों के अलावा रात को कढ़ाव वाला दूध भी यात्रियों को दिया जाएगा। लंगर में 200 से ज्यादा यात्रियों के रुकने का इंतजाम भी किया गया है। लंगर में सेवा देने के लिए इंदौर से भी कार्यकर्ता रवाना हुए हैं। इसके अलावा अलग-अलग संगठन यात्रा के लिए जत्थे भी लेकर जा रहे हैं। एक जत्था 12 जुलाई को रवाना होगा। 16 किलोमीटर से ज्यादा लंबी यात्रा दो दिन में पूरी होती है। 38 दिन यह यात्रा चलेगी और तीन लाख से ज्यादा भक्त बाबा बर्फानी के दर्शन करेंगे। यात्रा मार्ग पर सैकड़ों लंगर लगाए गए हैं। जहां तरह-तरह के पकवान भक्तों को दिए जाएंगे।

# झरनों और सुरंगों से भरा सफर फिर होगा शुरू

**इंदौर।** मानसून की शुरुआत के साथ एक बार फिर महू के पातालपानी से कालाकुंड तक का रेल सफर शुरू होने जा रहा है। इस सुंदर घाट सेक्शन पर चलने वाली हेरिटेज ट्रेन का संचालन 10 जुलाई से दोबारा शुरू किया जाएगा। रेलवे मुख्यालय ने इसके लिए आंतरिक निर्देश जारी कर संबंधित विभागों को सभी जरूरी तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा है, ताकि तय तिथि से संचालन बिना किसी बाधा के शुरू हो सके।

रेलवे अधिकारियों के मुताबिक, हर साल मानसून के दौरान पातालपानी-कालाकुंड सेक्शन पर बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। हरियाली, झरने और घाटी का दृश्य देखने के लिए इस दौरान ट्रेन यात्रा खासा लोकप्रिय रहती है।



मानसून सीजन में रेलवे आमतौर पर इस ट्रेन को रोजाना और फिर शनिवार-रविवार को चलाता है। पिछले साल यह ट्रेन 20 जुलाई से चलाई गई थी। रेलवे इस बार यात्रियों की सुविधा के लिए इंदौर से महू और पातालपानी तक डेमू ट्रेन चलाने की योजना बना रहा है। हालांकि शुरुआत में कुछ दिन यात्रियों को पातालपानी तक सड़क मार्ग से ही जाना पड़ सकता है। 2023 में रेलवे ने यात्रियों के लिए इंदौर से पातालपानी तक सिटी बस की सुविधा दी थी, जिससे 32 किलोमीटर का सफर तय कर यात्री हेरिटेज ट्रेन तक पहुंचते थे। इस बार रेलवे डेमू ट्रेन चलाने की तैयारी में है, इसलिए संभावना है कि इस बार सिटी बस सेवा नहीं चलाई जाएगी। गर्मियों के मौसम में हर साल मार्च से यह ट्रेन बंद कर दी जाती है। यह हेरिटेज ट्रेन मीटर गेज ट्रैक पर चलती है और पातालपानी से कालाकुंड के बीच 9 किलोमीटर का सफर तय करती है। इस मार्ग में कई सुंदर पुल, सुरंगें और गहरी घाटियाँ हैं, जो सफर को बेहद रोमांचक बना देती हैं। इस ट्रेन में सामान्य कोच के साथ अत्याधुनिक विस्टाडोम कोच भी होते हैं, जो यात्रियों को बेहतर दृश्य अनुभव प्रदान करते हैं। विशेषकर वीकेंड और छुट्टियों के दौरान यह ट्रेन बड़ी संख्या में सैलानियों को आकर्षित करती है।

## पालदा से अग्रसेन चौराहे की तरफ शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक प्रवेश नहीं कर सकेंगे ट्रक एवं भारी वाहन

**इंदौर।** पालदा तीन ईमली, नेमावर रोड से अग्रसेन चौराहे की तरफ से इंदौर शहर में प्रवेश करने वाले ट्रक/भारी वाहनों के प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है। पूर्व में शहर में प्रवेश करने वाले भारी वाहनों का प्रतिबंधित समय शाम 5 बजे से शाम 7 बजे तक था। बारिश का मौसम होने के कारण शहर में यातायात का दबाव रात्रि 9 बजे तक रहता है। प्रतिबंधित समय समाप्त होने के बाद भारी वाहनों के शहर में प्रवेश के दौरान पिक अवर में चौराहे पर यातायात अवरूद्ध होकर जाम जैसी स्थिति निर्मित होती है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आशीष सिंह द्वारा मोटरयान अधिनियम-1988 की धारा-115 के तहत आवागमन को सार्वजनिक सुरक्षा एवं सुविधा की दृष्टि से ट्रक/भारी वाहनों के शहर में प्रवेश को शाम 5 बजे से रात्रि 9 बजे तक के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। यह प्रतिबंध केवल ट्रक/भार वाहनों के लिये लागू रहेगा, शेष हल्के वाहन जैसे कार/जीप तथा दोपहिया वाहन यथावत पूर्ववत चालू रहेंगे।

### स्वच्छता एवं अतिक्रमण के विरुद्ध नगर निगम की कार्रवाई

# दो स्थान पर वसूला 83 हजार रूपए का जुर्माना

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** आयुक्त नगर निगम शिवम वर्मा के निर्देशन में शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु लगातार कचरा फैलाने, अतिक्रमण करने तथा पॉलीथिन के अवैध उपयोग पर सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में सांवेर रोड औद्योगिक क्षेत्र में निरीक्षण के दौरान मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक सत्येन्द्र सिंह तोमर को सेक्टर-डी रेलवे क्रॉसिंग के पास एक ओपन प्लॉट पर फैक्ट्री का भारी मात्रा में कचरा डंप किया हुआ मिला। जांच उपरांत यह कचरा रोशनी पेंट्स नामक फैक्ट्री का पाया गया।

स्थल से एकत्र साक्ष्यों के आधार पर यह सिद्ध हुआ कि उक्त कचरा अनाधिकृत रूप से खुले स्थान पर फेंका गया था, जिससे पर्यावरणीय अस्वच्छता





और जनस्वास्थ्य को खतरा उत्पन्न हो रहा था। मामले की गंभीरता को देखते हुए अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देशानुसार फैक्ट्री संचालक रोहित उपाध्याय पर 40 हजार रूपये का स्पॉट फाइन लगाया गया तथा भविष्य में ऐसी गलती न दोहराने की कड़ी चेतावनी दी गई। इसके अतिरिक्त झोन 11, वार्ड 60 के अंतर्गत झंडा चौक क्षेत्र में अपर आयुक्त अभिलाष मिश्रा ने स्वयं मौके पर उपस्थित रहकर गलियों में कचरा फेंकने, पॉलीथिन के उपयोग एवं अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों व रहवासियों पर कार्रवाई सुनिश्चित करवाई। इस कार्रवाई में एचओ संदीप पटीदी, सेलेश पॉल, अनिल सिरसिया, राजकुमार यादव, दिलीप लोधी, रिमूवल टीम, डिवाइन एनजीओ तथा वार्ड दरोगा अनिल घेंघट की उपस्थिति में गलियों में रखे कुर्सी, टेबल, पॉलीथिन आदि जब्त किए गए एवं मौके पर ही 8 स्पॉट फाइन कर कुल 43 हजार रूपए का जुर्माना लगाया गया।

# प्रदेश में 3800 करोड़ रुपए के निवेश से फ्रोजन आलू उत्पाद इकाई का प्रस्ताव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 'उद्योग और रोजगार वर्ष : 2025' औद्योगिक विकास की तीव्र संभावनाओं को साकार करने का वर्ष है। राज्य सरकार के प्रयासों से विभिन्न क्षेत्रों में निरंतर निवेश प्रस्ताव मिल रहे हैं। निवेशकों को औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि सहित नीतियों के अंतर्गत सभी आवश्यक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी।**



मुख्यमंत्री डॉ. यादव गुरूवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में मैकेन फूड्स के रीजनल प्रेसिडेंट पियरे डैनेट एवं प्रतिनिधि मंडल के सदस्यों से चर्चा कर रहे थे। मैकेन फूड्स के श्री पियरे डैनेट ने बताया कि मध्यप्रदेश में किसानों को कांट्रेक्ट फार्मिंग के माध्यम से स्थायी बाजार बेहतर मूल्य और उन्नत कृषि तकनीक का लाभ दिलवाने के लिए 3800 करोड़ रुपए निवेश का प्रस्ताव दिया गया है। प्रथम चरण में 1800 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा और इस निवेश के फलस्वरूप 6300 व्यक्तियों को प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से रोजगार प्राप्त होगा। वैश्विक कंपनी मैकेन फूड्स भारत में मुख्य रूप से फ्रोजन आलू उत्पादों जैसे फ्रेंच फ्राइज, आलू टिक्की और स्नैक आइटम बनाती है। कनाडा में स्थापित यह कंपनी भारत में वर्ष 2007 से खाद्य क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। वर्तमान में गुजरात के मेहसाणा में कंपनी किसानों से आलू खरीद कर अत्याधुनिक उत्पादन इकाई के माध्यम से विभिन्न खाद्य उत्पाद निर्मित कर रही है। चर्चा के दौरान प्रमुख सचिव औद्योगिक नीति एवं निवेश संवर्धन राघवेन्द्र कुमार सिंह और आयुक्त जनसम्पर्क डॉ. सुदाम खाड़े उपस्थित थे।

# बागेश्वर धाम में टेंट गिरा श्रद्धालु की मौत भगदड़ में 8 घायल



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**छतरपुर, एजेंसी।** छतरपुर जिले में गढ़ा गांव स्थित बागेश्वर धाम परिसर में टेंट गिर गया। लोहे का एंगल सिर में लगने से एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि भगदड़ में 8 लोग घायल हुए हैं।

हादसा गुरुवार सुबह करीब 7 बजे आरती के बाद हुआ। बारिश से बचने के लिए श्रद्धालु टेंट के नीचे इकट्ठा हुए थे। घायलों को छतरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक श्याम लाल कौशल के दामाद राजेश कुमार कौशल ने बताया कि वे उत्तर प्रदेश में गोंडा जिले के मनकापुर गांव के रहने वाले हैं। ससुराल बस्ती जिले के चौरी सिकंदर पुर गांव में है। परिवार के 6 लोग कार से बुधवार रात बागेश्वर धाम आए थे। शुक्रवार को धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री का जन्मदिन है। इससे पहले गुरुवार सुबह सभी लोग तैयार होकर शास्त्री के दर्शन करने पहुंचे थे। राजेश ने बताया कि लोहे का एंगल उनके ससुर श्यामलाल कौशल (50) के सिर में लगा। उनकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। सिविल सर्जन शरद चौरसिया ने बताया- बागेश्वर धाम में टेंट गिरने से एक शख्स की मौत हो गई। 2 लोगों का इलाज किया जा रहा है। 6 लोगों को मामूली चोटें आई थी।

# पत्नी ने घूंघट नहीं किया तो पुत्र को पटका, मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी।** बड़नगर पुलिस ने बताया कि ग्राम उमरिया निवासी महिला ने 29 जून को शिकायत की थी कि वह अपने पति आजाद शाह के साथ बड़नगर आई थी। यहां बाजार से खरीदी करने के बाद पैदल ही अपने तीन साल के पुत्र तनवीर को लेकर ग्राम उमरिया जाने लगे थे। उसी दौरान आजाद ने अपनी पत्नी की गोद में से पुत्र तनवीर को छीन लिया और अपनी गोद में रख लिया।

बारिश के कारण महिला घूंघट नहीं कर पा रही थी। इस पर आजाद ने उससे अभद्रता की और कहा कि घूंघट नहीं किया तो वह पुत्र तनवीर को जमीन पर पटक कर जान से मार देगा। महिला ने घूंघट नहीं किया तो उसके पति आजाद शाह ने पुत्र तनवीर को जमीन पर पटक दिया जिससे पुत्र के सिर, हाथ, पैर व शरीर में गंभीर चोट लगने पर उसे उज्जैन के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। इलाज के दौरान बालक की मौत हो गई। पुलिस पूर्व में ही आजाद के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था। यहां से उसे सोमवार को जेल भेजने के आदेश जारी हो गए थे। पुलिस का कहना है कि आरोपित पिता के खिलाफ अब हत्या की धारा बढ़ाई जाएगी। अब उसके खिलाफ हत्या का केस चलेगा।

## महंगा होगा टाइगर रिजर्व पर्यटन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मप्र में नेशनल पार्क और टाइगर रिजर्व में घूमना एक अक्टूबर से महंगा हो जाएगा। सरकार ने मौजूदा प्रवेश टिकट फीस में दस फीसदी की बढ़ोतरी करने का फैसला किया है। विदेशी पर्यटकों को भारतीय पर्यटकों की बजाय दोगुनी टिकट फीस देनी होगी। प्रदेश के सभी राष्ट्रीय उद्यानों एवं बाघ अभयारण्यों में भ्रमण के लिए प्रवेश टिकट की बुकिंग एमपी ऑनलाइन के माध्यम से होती है। प्रदेश के ज्यादातर टाइगर रिजर्व में सोमवार से शुक्रवार तक छह लोगों के प्रवेश पर 2400 रुपए और शनिवार-रविवार को 3000 रुपए प्रवेश शुल्क लिया जाता है। एक अक्टूबर से इसमें 10 प्रतिशत की वृद्धि हो जाएगी। इसके बाद पर्यटकों को क्रमशः 240 और 300 रुपए अधिक चुकाने पड़ेंगे। इसमें जिप्सी का किराया शामिल नहीं है। जिप्सी के लिए पर्यटकों को अलग-अलग पार्क में 2000 से 3500 रुपए तक अतिरिक्त देने पड़ते हैं। वहीं विदेशी पर्यटकों को दो गुना शुल्क चुकाना पड़ता है।

## 650 फीट ऊंचाई से फूटा झरना

**भोपाल, एजेंसी।** मध्यप्रदेश में लगातार बारिश का दौर चल रहा है। इस वजह से कई वाटरफॉल अपने शबाब पर हैं। रीवा का 650 फीट ऊंचा झरना बहने लगा। शिवपुरी के भदैया कुंड में 70 फीट ऊंचे झरने से पानी आ रहा है। रतलाम में झरने का पानी केदारेश्वर महादेव को छूकर बह रहा है। इंदौर के महू के पास पातालपानी वाटरफॉल 13 दिन पहले ही बहने लगा था। छतरपुर, मऊगंज समेत 6 जिलों के छोटे-बड़े वॉटरफॉल भी बहने लगे हैं। इंदौर के पास महू तहसील में हुई बारिश ने पर्यटन स्थलों में नई जान डाल दी है। पहाड़ी क्षेत्र में हुई बारिश के बाद चोरल नदी के माध्यम से पातालपानी झरने में पानी बहने लगा है। 13 दिन पहले ही झरना बहने लगा था।

# शराब की हर बोतल का हिसाब रखेगा आबकारी विभाग

◆ POS मशीन से होगी बिलिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** प्रदेश की शराब दुकानों पर बिक्री के लिए आई शराब की हर बोतल का हिसाब अब आबकारी विभाग के पास होगा। समस्त शराब दुकानों पर पीओएस (प्वाइंट ऑफ सेल) मशीन से ही शराब विक्रय की बिलिंग की जाएगी। दुकान स्तर तक शराब के ट्रैक एंड ट्रेस को लागू किया जाएगा। इससे शराब की हर बोतल आबकारी विभाग के सर्वर से जुड़ जाएगी।



इस प्रक्रिया से विभाग के पास सभी दुकानों की रोजाना की यह जानकारी होगी कि किस दुकान से किस ब्रांड और किस बैच की शराब किस कीमत पर बेची गई। यानी अब विभाग के पास हर बोतल का हिसाब-किताब होगा। पीओएस मशीन के जरिए शराब बेचने का मसौदा तैयार किया है। पीओएस मशीन की खरीदी के लिए जल्द ही बिड जारी को जाएगी। इसके बाद सभी 3,553 शराब दुकानों पर पीओएस के जरिए ही शराब बिकेगी। मौजूदा शराब नीति में पीओएस मशीन से शराब बेचने का प्रविधान है, लेकिन तीन माह से बगैर पीओएस के ही शराब बेची जा रही है। भोपाल सहित प्रदेशभर की अधिकांश शराब दुकानों में महंगे दामों में शराब बेचने के प्रकरण सामने आए हैं। कुछ जिलों में कलेक्टर के निर्देश पर शराब दुकानों पर अर्थदंड की कार्रवाई की गई, लेकिन इसका कोई खास असर नहीं पड़ा। ऐसे में शराब दुकानों से महंगी शराब बेचने या अन्य गड़बड़ियों पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग ने यह कदम उठाया है। इस व्यवस्था के लागू होने से शराब ठेकेदार एमआरपी से ज्यादा या कम में शराब नहीं बेच सकेगा।

# ट्रक ड्राइवरों के सम्मान में 'ऑपरेशन सारथी' अभियान शुरू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। ट्रक चालकों को चेक पोस्टों पर हो रही अवैध वसूली, प्रताड़ना और अपमानजनक व्यवहार के खिलाफ भाईचारा राजमार्ग परिवहन सेवा, शिवाजी वाहन चालक एंड संचालक एसोसिएशन, नागपुर और गोपाल परिवार फाउंडेशन ने संयुक्त रूप से 'ऑपरेशन सारथी' अभियान की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत गुरुवार को संगठन के पदाधिकारी भोपाल पहुंचे और इस मुद्दे की गंभीरता से अवगत कराया।**

## देश की अर्थव्यवस्था मजबूत होगी



संगठन के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, प्रहलाद अग्रवाल और दिनेश अग्रवाल ने कहा कि हमारे देश की आर्थिक धुरी ट्रक ड्राइवर हैं। अगर वे भय, तनाव और शोषण से मुक्त रहेंगे तो देश का विकास और तेज होगा। उन्होंने बताया कि चेक पोस्टों पर ट्रक ड्राइवरों से अवैध वसूली, अपमानजनक व्यवहार और अनावश्यक चालान की शिकायतों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, मुख्यमंत्री मोहन यादव, परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह और परिवहन आयुक्त विवेक शर्मा को एक शिकायती पत्र भेजा गया है। नरेंद्र मिश्रा ने आरोप लगाया कि देशभर के हाईवे और चेक पोस्टों पर ट्रक चालकों से अवैध तरीके से पैसे वसूले जा रहे हैं। परिवहन अधिकारी चालकों को दस्तावेजों के नाम पर अनावश्यक रूप से रोकते हैं और बदसलूकी करते हैं। इससे ड्राइवरों में भय, तनाव और असुरक्षा की भावना बढ़ रही है, जो आत्मनिर्भर भारत और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के मूल उद्देश्यों के खिलाफ है।

## करणी सेना परिवार के राष्ट्रीय अध्यक्ष पर केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**मंदसौर, एजेंसी।** करणी सेना परिवार संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष जीवन सिंह शेरपुर पर एक गंभीर मामला दर्ज हुआ है। आरोप है कि उनके साथियों ने शराब ठेके पर पहुंचकर ठेका कर्मचारियों से 1 लाख रुपए महीना देने की फिरौती मांगी। मना करने पर मारपीट की गई और जातिसूचक गालियां दी गईं। मामला एससी-एसटी एक्ट, फिरौती और मारपीट की धाराओं में दर्ज हुआ है। घटना 26 जून को भावगढ़ थाना क्षेत्र के बेहपुर गांव की है। उसी दिन केस भी दर्ज हुआ था। लेकिन इस पूरे मामले का वीडियो गुरुवार को को सोशल मीडिया पर सामने आया। पीड़ित कर्मचारी ऋतिक ने बताया कि वह और उसके साथी ऑफिस में थे। तभी पुष्पेंद्र सिंह, इंद्रपाल सिंह और नागेंद्र सिंह पहुंचे। उन्होंने कहा कि हर महीने 1 लाख रुपए दोगे, तभी ठेका चलेगा। मना करने पर मारपीट की गई और कहा कि हम जीवन सिंह शेरपुर के आदमी हैं।

## संपादकीय

### बीजेपी को मिलेगी पहली महिला अध्यक्ष!

बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में करीब ढाई साल की देरी हो चुकी है। लेकिन, अब माना जा रहा है कि इस महीने निश्चित तौर पर केंद्र में सत्ताधारी दल को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। क्योंकि, ज्यादातर राज्यों को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल चुका है और नई कार्यकारिणी तय हो चुकी है। राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में इन्हीं की ही भूमिका रहने वाली है। इस बीच मीडिया में एक रिपोर्ट आई है कि बीजेपी को पहली महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल सकती है। लेकिन, इसी के साथ एक और ओबीसी नेता का नाम सामने आया, जिसे अंतिम समय में रेस में सबसे आगे बताया जा रहा है। यूपी के इस नेता का नाम अबतक राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए चर्चा में उतनी गंभीरता से कभी नहीं आया था। इंडिया टुडे ने एक रिपोर्ट दी है, जिसके अनुसार बीजेपी को पहली बार महिला अध्यक्ष मिल सकती है। इसमें केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का नाम सबसे आगे बताया जा रहा है। उनकी हाल ही में पार्टी के मौजूदा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और पार्टी के महासचिव (संगठन) बीएल संतोष से हाल ही में बीजेपी मुख्यालय में मुलाकात हुई थी। इसलिए, उनके नाम की चर्चा शुरू हुई है। एक तर्क यह भी दिया जा रहा है कि दक्षिण भारतीय होने और पार्टी और मोदी सरकार की जानी-मानी चेहरा होने की वजह से वह पार्टी की महिलाओं में पहली पसंद हो सकती हैं। यही नहीं, 33% महिला आरक्षण के बाद यह बीजेपी के वादे में भी फिट बैठती हैं। सीतारमण के अलावा दूसरा नाम पूर्व केंद्रीय डी पुरंदेश्वरी का है। उन्हें भी इस पद का एक मजबूत दावेदार बताया गया है। वह बीजेपी की आंध्र प्रदेश की पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुकी हैं। पुरंदेश्वरी कई भाषाओं की जानकार हैं। उन्होंने राजनीति में कई महत्वपूर्ण पदों पर काम किया है। पुरंदेश्वरी को 'ऑपरेशन सिंदूर' बहुदलीय प्रतिनिधिमंडल के लिए भी चुना गया था। वहीं संभावित महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर तीसरा नाम वनथी श्रीनिवासन का लिया जा रहा है। वह तमिलनाडु से हैं। पेशे से वकील श्रीनिवासन वर्तमान में राज्य विधानसभा में कोयंबटूर दक्षिण का प्रतिनिधित्व करती हैं। वनथी 1993 में भाजपा में शामिल हुईं थीं। तब से उन्होंने पार्टी में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। वह तमिलनाडु की प्रदेश सचिव, महासचिव और उपाध्यक्ष भी रह चुकी हैं। 2020 में, पार्टी ने उन्हें पार्टी ने महिला मोर्चा का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया था। 2022 में, वह बीजेपी की केंद्रीय चुनाव समिति की सदस्य बनीं। वह इस पद पर पहुंचने वाली पहली तमिल महिला हैं। लेकिन, बीजेपी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने नाम नहीं जाहिर करने की शर्त पर एनबीटी ऑनलाइन को बताया कि पार्टी ओबीसी नेता को ही अभी यह जिम्मेदारी सौंपेगी। उन्होंने बताया कि अभी बीजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के लिए उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का नाम सबसे आगे है। उन्होंने बताया कि पार्टी किसी ओबीसी चेहरे पर ही दांव खेलेगी और इसके तहत दूसरा नाम केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का है। लेकिन, उन्होंने बताया कि इस साल बिहार विधानसभा चुनाव, 2026 में पश्चिम बंगाल चुनाव और 2027 में यूपी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मौर्य को ही कमान मिलने की पूर्ण संभावना है। बीजेपी पदाधिकारी ने बताया कि मौर्य और प्रधान दोनों को आरएसएस वाला बैकग्राउंड है, इसलिए संघ को भी उनके नाम पर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। बता दें कि बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव में अत्यधिक देरी देश की राजनीति में इस वक्त बड़ी चर्चा का विषय बना हुआ है। संसद तक में भी इस मुद्दे पर चुटकियां ली जा चुकी हैं। मौजूदा अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा का कार्यकाल 2023 के जनवरी में ही खत्म हो गया था। फिर लोकसभा चुनावों की वजह से उनका कार्यकाल जून, 2024 तक बढ़ाया गया। फिर हरियाणा, महाराष्ट्र, जम्मू और कश्मीर के साथ-साथ दिल्ली विधानसभा चुनावों की वजह से उनके कार्यकाल को विस्तार मिलता रहा। बाद में संगठनात्मक चुनावों में देरी से यह चुनाव टलता गया। लेकिन, अब जब अधिकतर राज्यों में संगठनात्मक चुनाव हो चुके हैं, ऐसे में पार्टी सूत्रों का कहना है कि इस महीने पार्टी को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा।

### अर्ज़ किया है..!

*मौत आ जाए*
*या वो आ जाएँ*
*आज क़िस्सा*
*तमाम हो जाए*

– जली अमरोहवी

## OSHO कहिन

"अज्ञानता अंधकार नहीं है, बल्कि यह झूठा ज्ञान है।"



## महिला जगत

# मिलिए ईरा कुकरेती से, जो आत्मा से करती हैं संवाद, जानिए इनकी अनोखी यात्रा



आज के दौर में महिला सशक्तिकरण का अर्थ केवल करियर में सफलता हासिल करना नहीं रह गया है, बल्कि इसका अर्थ है, अपने साथ दूसरों को भी आत्मिक, मानसिक और भावनात्मक रूप से सशक्त बनाना। ईरा कुकरेती ऐसी ही एक प्रेरणादायी महिला हैं, जिन्होंने कॉरपोरेट की ऊंचाइयों से लेकर आध्यात्मिक जगत तक एक अद्भुत यात्रा तय की है। ईरा कुकरेती का जीवन हर उस महिला के लिए प्रेरणा है जो अपने भीतर की शक्ति को पहचानना चाहती है। आइए जानते हैं कौन हैं ईरा कुकरेती और क्या हैं उनकी उपलब्धियां।

### ईरा कुकरेती की शिक्षा और करियर

ईरा ने भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों आईआईएम लखनऊ और आईएसबी हैदराबाद से मैनेजमेंट की पढ़ाई की। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने कॉरपोरेट सेक्टर में बतौर मानव संसाधन विशेषज्ञ (HR Professional) काम किया और कई लोगों के नेतृत्व कौशल को आकार दिया। लेकिन उनका सफर यहीं नहीं रुका।

### आध्यात्मिकता की ओर कदम

कॉरपोरेट की व्यस्तता के बीच उन्होंने महसूस किया कि असली शांति और संतुलन भीतर से आता है। इसी सोच ने उन्हें रेकी, माइंडफुलनेस, और एनएलपी (Neuro Linguistic Programming) की ओर आकर्षित किया। उन्होंने इन तकनीकों को अपने जीवन में अपनाया और धीरे-धीरे लोगों की हीलिंग (उपचार) करना शुरू किया।

### ईरा एक हीलर

ईरा आज एक रेकी मास्टर, अकाशिक रीडर, शमनिक प्रैक्टिशनर, एनिमल कम्युनिकेटर और माइंडफुल एक्सपर्ट हैं। वह न केवल शरीर और मन का उपचार करती हैं, बल्कि आत्मा के स्तर पर भी लोगों को सशक्त बनाती हैं।उनका मानना है कि हर इंसान के भीतर एक शक्ति है, जिसे सही मार्गदर्शन से जाग्रत किया जा सकता है। उनकी हीलिंग यात्राएं केवल किसी बीमारी या मानसिक तनाव का उपचार नहीं, बल्कि आत्मा की घर वापसी है, जहां शांति, सहजता और संतुलन है।

### जानवरों से संवाद करने की कला

ईरा का एक विशेष गुण है, जानवरों से संवाद करने की क्षमता। वह जानवरों के दर्द, इच्छाओं और भावनाओं को समझ कर इंसानों तक पहुंचाने का काम करती हैं। यह उन्हें केवल एक हीलर नहीं बल्कि इंसान और प्रकृति के बीच सेतु बनाता है।

### आध्यात्मिक विरासत

ईरा की प्रेरणा स्रोत उनकी दादी हैं, जो एक पारंपरिक आध्यात्मिक गुरु थीं। बचपन से ही उन्होंने योग, ध्यान और ऊर्जा चिकित्सा को करीब से देखा और महसूस किया। यही ज्ञान उन्होंने आधुनिक विज्ञान और कॉरपोरेट समझ के साथ जोड़कर एक होलिस्टिक हीलिंग मॉडल तैयार किया।

New Delhi

# दिल्ली-पटना सहित 9 हाइकोर्ट को मिलेंगे 15 नए जज, सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने दिल्ली और पटना सहित देश के 9 हाईकोर्ट के जज के रूप में न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत के मुख्य न्यायाधीश बीआर. गवई की अध्यक्षता वाले कॉलेजियम ने 1 और 2 जुलाई को हुई अपनी बैठक में दिल्ली हाईकोर्ट में तीन न्यायिक अधिकारियों और पटना हाईकोर्ट के दो अधिवक्ताओं को जज के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। इसके अलावा कॉलेजियम ने पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के जज के रूप में 10 न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी।



जिन न्यायिक अधिकारियों के नाम पर मुहर लगी है उनमें वीरेंद्र अग्रवाल, मंदीप पन्नू, प्रमोद गोयल, शालिनी सिंह नागपाल, अमरिंदर सिंह ग्रेवाल, सुभाष मेहला, सूर्य प्रताप सिंह, रूपिंदरजीत चहल, आराधना साहनी, यशवीर सिंह राठौर हैं। तेलंगाना हाईकोर्ट के जज के रूप में चार अधिवक्ताओं के नामों को भी मंजूरी दी गई है। कॉलेजियम ने तेलंगाना हाईकोर्ट के जिन अधिवक्ताओं के नाम पर मुहर लगाई है उनमें गौसे मीरा मोहिउद्दीन, चलपति राव सुड्डाला, वकिति रामकृष्ण रेड्डी और गादी प्रवीण कुमार शामिल हैं। आपको बता दें कि कॉलेजियम में न्यायमूर्ति सूर्यकांत और विक्रम नाथ भी शामिल हैं। उन्होंने राजस्थान हाईकोर्ट के जज के रूप में एक न्यायिक अधिकारी और एक अधिवक्ता के नामों को मंजूरी दी है।

Jharkhand

## पलामू: शराब के नशे में घर आया शख्स, पत्नी ने किया झगड़ा तो काट डाला कुल्हाड़ी से



**पलामू, (एजेंसी)** झारखंड के पलामू जिले में शराब के नशे में एक शख्स ने अपनी पत्नी का ही जान ले ली. 30 साल के व्यक्ति ने कुल्हाड़ी से काटकर पत्नी की हत्या कर दी. पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि यह घटना बुधवार रात नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के महुआरी गांव में हुई. दरअसल, घटना के पहले उसका अपनी पत्नी से झगड़ा हुआ था. उसकी पत्नी का नाम इतवारिया भुइयां है.

नौडीहा बाजार थाना प्रभारी अमित कुमार द्विवेदी ने बताया कि आरोपी बसंत भुइयां को गिरफ्तार कर लिया गया है. उन्होंने बताया, 'बसंत की शराब पीने की आदत को लेकर दंपत्ति में अक्सर झगड़ा होता था. बुधवार रात इसी बात को लेकर दोनों में कहासुनी हो गई. पति ने गुस्से में आकर अपनी पत्नी की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी. हत्या में इस्तेमाल हथियार को जब्त कर लिया गया है. और साथ ही मामले की जांच शुरू कर दी गई है. बता दें कि कुछ दिन पहले ही राज्य के चक्रधरपुर से ऐसा ही मामला सामने आया था. यहां की लोको कॉलोनी में रहने वाले शंकर सोय ने महज इसलिए अपनी पत्नी सुकुरमुनी सोय की बेरहमी से हत्या कर दी क्योंकि उसने नशे में धुत पति के लिए खाना बनाने से इनकार कर दिया था. बात इतनी बढ़ गई कि शंकर ने घर में रखे डंडे से सुकुरमुनी पर ताबड़तोड़ वार कर दिए.

New Delhi

## सिगरेट पीने से टोका तो युवक को मार डाला, हत्याकांड में आरोपी की पत्नी भी शामिल

**दिल्ली, (एजेंसी)** केशवपुरम इलाके में बुधवार देर रात सिगरेट पीने से मना करने पर बैटरी चार्जिंग स्टेशन में कार्यरत रामपुरा निवासी विकास साहू की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने हत्याकांड को अंजाम देने पर नवीन उसकी पत्नी मनीषा, चिराग और एक नाबालिग को पकड़ा है। इनके कब्जे से वारदात में इस्तेमाल चाकू, ई-रिक्शा और बाइक भी बरामद की है। केशवपुरम थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। उत्तर पश्चिम जिला पुलिस उपायुक्त भीष्म सिंह ने बताया कि बुधवा देर रात केशवपुरम थाना पुलिस को दीप चंद बंधु अस्पताल से एक युवक के जख्मी होने की सूचना मिली। पुलिस अस्पताल पहुंची तो तो पता चला कि चाकू के हमले में घायल रामपुरा निवासी विकास साहू की मौत हो गई। जांच में पता चला कि विकास को उसका भाई मिथलेश अस्पताल लेकर आया था। मिथलेश ने पुलिस को बताया कि वह और उनका भाई लारेंस रोड रामपुरा स्थित एक बैटरी चार्जिंग स्टेशन पर काम करते थे। बुधवार रात 11.50 बजे वजीरपुर जेजे कालोनी निवासी नवीन बैटरी लेने आया। विकास के पास नवीन सिगरेट पीने लगा। विकास ने उसे ऐसा करने से मना किया।

Jammu & Kashmir

## आतंक पर प्रहार: त्राल में जैश के 2 आतंकी सहयोगी गिरफ्तार, विस्फोटक पदार्थ और गोला-बारूद बरामद

**श्रीनगर, (एजेंसी)** दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के अवंतीपोरा के त्राल में जम्मू कश्मीर पुलिस ने 2 आतंकी सहयोगी गिरफ्तार किये। उनके पास से विस्फोटक पदार्थ और गोला बारूद बरामद किया गया। पुलिस के प्रवक्ता ने बताया कि अवंतीपोरा पुलिस ने सुरक्षाबलों के साथ मिलकर पुलिस स्टेशन त्राल के अंतर्गत आने वाले वागड़ इलाके से 2 आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से विस्फोटक पदार्थ, गोला बारूद बरामद किया है। उन्होंने बताया कि अवंतीपोरा पुलिस ने सेना की 42 आरआर और सीआरपीएफ की 180 बटालियन के जवानों के साथ मिलकर वागड़ क्रॉसिंग पर स्थापित एक नाके पर दो आतंकी सहयोगियों को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान उमर मोहिउद्दीन भट निवासी नादेर त्राल और शकील अहमद शेख निवासी कुचमुल्ला त्राल के तौर पर हुई है। प्रवक्ता ने बताया कि तलाशी के दौरान 2 हैंड ग्रेनेड, एके-47 की 59 गोली, 1 एके 47 मैगजीन और आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गई।



खेल

# गिल की बल्लेबाजी के बाद आकाश ने इंग्लैंड को दिए झटके, ब्रूक-रूट की साझेदारी से संभला मेजबान

**बर्मिंघम, (एजेंसी)** भारत और इंग्लैंड के बीच दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन का खेल समाप्त हो गया है। भारत की पहली पारी दूसरे दिन 587 रन पर ऑलआउट हुई थी और भारत ने अच्छी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड के तीन विकेट गिरा दिए। हालांकि, हैरी ब्रूक और जो रूट ने चौथे विकेट के लिए 52 रनों की साझेदारी कर इंग्लैंड को संभाला। दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने पहली पारी में तीन विकेट पर 77 रन बनाए हैं और वह अभी भारत से 510 रन पीछे चल रही है। स्टंप्स के समय ब्रूक 30 और रूट 18 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे।




**आकाश दीप ने झटके दो विकेट-** जसप्रीत बुमराह के बिना खेलने उतरी भारतीय टीम को आकाश दीप ने दोहरी सफलता दिलाई। उन्होंने लगातार दो गेंदों पर दो विकेट लेकर इंग्लैंड को शुरुआती झटके दिए। आकाश ने पहले शुभमन गिल के हाथों कैच कराकर बेन डकेट को आउट किया और फिर अगली ही गेंद पर ओली पोप को पवेलियन भेजा। डकेट और पोप खाता खोले बिना आउट हुए। इसके बाद मोहम्मद सिराज ने जैक क्रावली को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। क्रावली 30 गेंदों पर तीन चौकों की मदद से 19 रन बनाकर आउट हुए।

**भारत की पहली पारी-** इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत की पहली पारी 587 रन पर ऑलआउट हो गई है। भारत के लिए कप्तान शुभमन गिल ने शानदार प्रदर्शन किया और 269 रनों की पारी खेली। गिल के अलावा रवींद्र जडेजा और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने अर्धशतक लगाए जिससे भारत इंग्लैंड के खिलाफ बड़ा स्कोर बनाने में सफल रहा। इंग्लैंड की ओर से शोएब बशीर ने तीन विकेट झटके, जबकि क्रिस वोक्स और जोश टंग ने दो-दो विकेट लिए। वहीं, ब्रायडन कार्स, बेन स्टोक्स और जो रूट को एक-एक विकेट मिला।

भारत ने दूसरे दिन पांच विकेट पर 310 रन से पारी आगे बढ़ाई। भारत के लिए गिल और जडेजा ने शानदार बल्लेबाजी की और छठे विकेट के लिए 203 रन जोड़े। इस साझेदारी को जोश टंग ने जडेजा को आउट कर तोड़ा। जडेजा 89 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद गिल ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ पारी आगे बढ़ाई और अपने करियर का पहला दोहरा शतक लगाया। टी ब्रेक से पहले भारत को सुंदर के रूप में सातवां झटका लगा। सुंदर 42 रन बनाकर पवेलियन लौटे।

टी ब्रेक के बाद गिल भी ज्यादा देर पारी आगे नहीं बढ़ा सके और आठवें बल्लेबाज के रूप में आउट हुए। गिल जब आउट हुए उस वक्त भारत का स्कोर 574 रन था। भारत ने अपने अगले दोनों विकेट 13 रन के अंतराल पर गंवाए।

सिनेमा

# 'द ट्रेटर्स' की विनर बनीं उर्फी जावेद और निकिता लूथर, जीते 70 लाख रुपये



फिल्ममेकर करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स' के पहले सीजन को अपना विनर मिल गया है। प्राइम वीडियो पर 3 जुलाई को दिखाए गए फाइनल में उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने धमाकेदार अंदाज में बाजी मार ली और 70.05 लाख रुपये की इनामी राशि जीत ली. दोनों ने फिनाले में अपनी स्मार्ट चाल के दम पर ट्रेटर पूरब झा को हरा दिया. लोगों को लग रहा था कि अपूर्वा माखिजा या हर्ष गुजराल जैसे स्टार्स इस शो में जीत हासिल कर सकते हैं, लेकिन वो इस सीजन के विनर नहीं बन सके. वहीं उर्फी जावेद और निकिता 'द ट्रेटर्स' के शुरू होने के बाद से ही लगातार सुर्खियों में रहे. गौरतलब है कि उर्फी अपने फैशन के लिए जानी जाती हैं और निकिता पोकर की माहिर खिलाड़ी हैं. दोनों ने ही पूरे शो में शानदार प्रदर्शन किया. फिनाले में भी उर्फी और निकिता ट्रेटर्स को एक्सपोज करने में सफल होते हैं. फैंस अब सोशल मीडिया पर दोनों की जमकर तारीफ कर रहे हैं.

## Highlights

1. No difference between BJP & terrorists: SP MLA Ravidas Mehrotra
2. Pakistan has no bearing on India's ties with US: Jaishankar
3. Kerala High Court to watch 'Janaki vs State of Kerala'
4. Vismaya dowry death: SC grants bail to convict Kiran Kumar
5. Heavy rains, strong winds uproot tree in Mangaluru
6. Kolkata rape accused Manojit's lawyer license revoked: Report

# MCP servers: Lure of sharing your data with AI, and a likely security nightmare

**NEW DEIHI, (Agency).** After generative AI, large language models, multi-modal intelligence, artificial general intelligence, and agentic AI, the artificial intelligence (AI) space is beginning to write another chapter. The phraseology we must wrap our heads around, and you'll increasingly hear about this, is MCP, or Model Context Protocol. It is supposed to solve an integration bottleneck, one that would allow AI systems to interact with external data sources and tools. But is this insulated against security risks, while handling personal data?

It may have gone under the radar, but AI company Anthropic first mooted the idea of a singular connection language for AI assistants with other apps and systems users access, late last year — dubbed the "USB-C for AI". Claude Sonnet 3.5 is their first model, adept at building MCP implementations for connecting AI with datasets, as a user may want to.

Know the latest trending news with HT. Read detailed articles here

Indian fintech Zerodha launched an MCP integration with Anthropic's Claude. Among the things it can do is curate portfolio insights, plan trades, backtest investment strategies, and generate personal finance dashboards. For users who aren't proficient with the workings of the stock market, these insights may prove useful.

"MCPs are a new way for AI systems to interact with real-world services like trading accounts," says Nithin Kamath, Founder and CEO of Zerodha, pointing out all the functionality is free to access.

Globally, companies are rushing to build MCP integrations, and there's a core rationale for this sudden momentum. "AI agents and assistants have become indispensable creative partners, yet current workflows require users to manually add context or references, creating complexity," explains Anwar Haneef, GM and Head of Ecosystem at Canva.

11Labs, which has built the 11ai personal voice assistant, has bolted on MCP connections with platforms including Perplexity and Slack. Autonomous coding agent Cline too can combine MCP servers from Perplexity and others, to create research workflows.

Amazon Web Services or AWS, in a technical document, explains MCP is an open standard that creates a universal language for AI systems to communicate with external data sources, tools, and services. Conceptually, MCP functions as a universal translator, enabling seamless dialogue between language models and the diverse systems, they say.

# Indian techie Soham Parekh accused by at least 5 US CEOs of moonlighting: 'Holy sh*t, we hired this guy a week ago'

**NEW DEIHI, (Agency).** Soham Parekh, an Indian techie has sent shockwaves through Silicon Valley after it emerged that he has been moonlighting at several different companies. The allegations against him were first made by Playground AI founder Suhail Doshi, who accused the Indian techie of working at three to four companies simultaneously.

"PSA: there's a guy named Soham Parekh (in India) who works at 3-4 startups at the same time. He's been preying on YC companies and more. Beware," San Francisco-based Suhail Doshi posted on X yesterday. He added that Parekh had worked briefly at one of his companies last year before his duplicity came to light and he was fired within his first week.



The allegations against Soham Parekh

Since then, at least five other companies have come forward to accuse Soham Parekh of scamming them. Many agreed that he came across as knowledgeable in his interviews and managed to fool them initially.

Flo Crivello, founder and CEO of Lindy, said that he had hired Soham Parekh a week ago and acknowledged that he did "incredibly well" in interviews.

"Holy sh*t. We hired this guy a week ago. Fired this morning. He did so incredibly well in interviews, must have a lot of training. Careful out there," Crivello wrote. Crivello shared notes from Parekh's interview where the Indian techie mentioned that he had left Antimetal due to time zone differences and because it was "turning into a finops company" and he wasn't sure he wanted to be a part of it.

# पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान खुद को गोली मारी

## फोन कॉल्स रिसीव नहीं कर रहा था, डेढ़ साल पहले लव मैरिज की थी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। इंदौर में पुलिसकर्मी ने ड्यूटी के दौरान सुसाइड कर लिया। मामला शुक्रवार तड़के करीब 5 बजे का है। 28 वर्षीय अनुराग भागोर ने द्वारिकापुरी इलाके में दिग्विजय मल्टीस्टोरी बिल्डिंग के एक फ्लैट में खुद को गोली मार ली। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।**



घटना के समय अनुराग के साथ सिपाही मोहित भी मौजूद था। उसने बताया कि अनुराग ड्यूटी के दौरान आ रहे फोन कॉल्स रिसीव नहीं कर रहा था। शुरुआती जांच में पत्नी से विवाद की बात सामने आई है। अनुराग की डेढ़ साल पहले लव मैरिज हुई थी। पत्नी रानू धार के माड़व की रहने वाली है। 7 दिन से मायके में ही है। अनुराग, अलीराजपुर का निवासी था। द्वारिकापुरी थाने से पहले वह सर्राफा थाने में था।

### पुलिस में 3 साल हो गए थे

परिवार में बड़ा भाई अविनाश और छोटा भाई देवेंद्र है। अनुराग मंझला था। पिता वेटरिनरी डिपार्टमेंट से रिटायर्ड हैं। अनुराग की बुआ के बेटे राजेंद्र ने बताया कि उसे पुलिस विभाग में 10 साल हो गए थे।

# अस्पताल कर्मचारी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत

## तबीयत बिगड़ने पर खाई थी दवा, मुंह से झाग निकला और हो गए अचेत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। बाणगंगा क्षेत्र में रहने वाले एक अस्पताल के कर्मचारी 38 वर्षीय रतनदीप पुत्र सेवाराम सूर्यवंशी की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। तबीयत बिगड़ने पर रतनदीप को एमवाय अस्पताल ले जाया गया था, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस मामले में जांच कर रही है।

रतनदीप के भाई विमल दीप ने पुलिस को बताया कि भाई का गुरुवार को अचानक तबीयत खराब हो गई थी। उन्होंने दवाई खाई, इसके कुछ देर बाद उनके मुंह से झाग निकला और वे बेसुध हो गए। इसके बाद परिवार के लोग अस्पताल लेकर पहुंचे। रतनदीप के परिवार में एक बेटी, दो भाई है। वह परिवार से अलग रहते थे।

छावनी मंडी में वारदाने का काम करने वाले व्यापारी 50 वर्षीय राजेश शर्मा ने गुरुवार देर शाम मूसाखेड़ी स्थित अपने घर पर जहर खाकर आत्म हत्या कर ली। जहर खाने के बाद तबीयत बिगड़ने पर राजेश को अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार के दौरान मौत हुई है। राजेश के पड़ोसियों ने बताया कि राजेश शादी न होने के कारण तनाव में रहता था। उसके पिता का निधन 10 साल पहले हो गया और बुजुर्ग मां उसके साथ रहती थी।

## जाम के डर से रास्ता बदला

# इलाज में देरी से मौत, उल्टी-दस्त से पीड़ित युवक को ले जा रहे थे अस्पताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर**। हाल ही में इंदौर-देवास रोड पर जाम के कारण तीन लोगों की मौत के बाद एक और युवक की मौत हो गई। यह मौत जाम के कारण नहीं बल्कि जाम की आशंका के कारण हुई। गारी पीपल्या में रहने वाले एक युवक की तबीयत आधी रात को बिगड़ी। इस पर परिजन इंदौर रोड पर जाम की आशंका में उसे पहले मांगलिया ले गए। वहां से हालत खराब होने पर शिप्रा के लिए रवाना हुए लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। उसका पोस्टमॉर्टम भी कराया गया है। इसकी रिपोर्ट अभी नहीं मिली है।

युवक का नाम धीरज चौधरी पिता गणेश चौधरी (28) है। चाचा गेंदलाल चौधरी ने बताया बुधवार को उसे उल्टी-दस्त हो रहे थे। फिर रात पौने दो बजे तकलीफ ज्यादा होने पर इस पर परिवार के लोग उसे कार से लेकर सिंगापुर टॉउन शिप के रास्ते उसे इंदौर लाने के लिए रवाना हुए थे। इस बीच रास्ते में जाम की आशंका के कारण परिजन घबरा गए। उन्होंने



गाड़ी टर्न की और सांवेर वाली रोड से मांगलिया के लिए रवाना हुए। यहां वे उसे रेलवे गेट, मांगलिया स्थित एमएम हॉस्पिटल ले गए। यहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत देखी तो उसे इंदौर रेफर करने को कहा।

इस पर परिजन ने मौके की नजाकत समझी। चाचा गेंदालाल का कहना है कि इंदौर की ओर आने वाले रोड पर अकसर जाम लगता है और देर हो जाती। इसके मद्देनजर उसे लेकर देवास के लिए रवाना हुए। यहां भी कई वाहन थे और वाहन धीमी रफ्तार से थे। इस बीच उसकी हालत बिगड़ती गई। इस पर परिजन उसे रास्ते में ही शिप्रा के आगे स्थित योगीराज हॉस्पिटल ले गए जहां उसे मृत घोषित किया गया।

# पत्नी की आत्महत्या के मामले में पति और प्रेमिका सहित दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**इंदौर।** इंदौर के कनाडिया क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है।27 वर्षीय नेहा मालवीय ने घरेलू हिंसा और पति के अफेयर से परेशान होकर जहर खा लिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। नेहा के परिजनों ने पति राहुल अग्रवाल, उसकी प्रेमिका वर्षा सोलंकी, ननंद और नंदोई समेत कई रिश्तेदारों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नेहा की मां सुनीता सिसोदिया ने शिकायत दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने दस लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने इस मामले में पति राहुल अग्रवाल निवासी, प्रेमिका वर्षा सोलंकी निवासी ग्राम टीही (महू), करुणा निवासी ग्राम रनायल (देवास), निशा व ज्योति निवासी मूसाखेड़ी, जितेन्द्र निवासी ग्राम रनायल, अरुण, नंदराम, गोलू और छोटू अग्रवाल के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना के आरोप में केस दर्ज कर लिया है।

ज्योतिषीय/अनुष्ठानिक
सलाह -मार्गदर्शन हेतु सम्पर्क करें
"एक सलाहकार और शुभचिंतक"
आपकी परिस्थितियों को समझते हुए मेरी एक अनुष्ठानिक प्रयोग की सलाह आपकी पीड़ा / समस्या के समाधान में सहायक हो सकती है।
- कतिपय अनुष्ठान प्रयोग -
*एक दिवसीय महागणपति एवं आदिदेवभास्कर अभिसिंचन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय अष्टमहालक्ष्मी विनायक अनुष्ठान*
*एकदिवसीय महादेवरुद्र स्तवन अनुष्ठान*
*एकदिवसीय हनुमंतवंदन- वाल्मीक सुंदरकांड अनुष्ठान*
*त्रिदिवसीय सत्यनारायण पूजनकथा - हरिकथा अनुष्ठान*
इसके अन्यत्र यजमान की समस्या की भूमिका एवं प्रकृतिनुसार अन्य वैदिक/शास्त्रोक्त अनुष्ठानों का भी प्रयोग समस्या निवारण में किया जा सकता है।
कृपया अपनी जिज्ञासा/सलाह हेतु संपर्क करे।
Email - babapandit.in@gmail.com

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक